**-:प्रेस नोट:-**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 30.07.2026**

- **थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड की धनराशि जन सेवा केंद्रों के खातों में ट्रांसफर कर नगद प्राप्त करने, रंगदारी मांगने एवं जान से मारने की धमकी देने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 28.07.2026 को थाना सिकन्दरा पर वादी/ सीएसपी संचालक मिथुन कुमार पुत्र श्री श्याम बाबू निवासी कस्बा रसधान थाना सिकंदरा जनपद कानपुर देहात द्वारा लिखित तहरीर बावत दिनांक 23.07.2026 को विपक्षी विनय कटियार द्वारा वादी व अन्य 02 ग्राहक सेवा केन्द्रो के संचालन करने वाले व्यक्तियो के बैंक खातों का स्कैनर लेकर साइबर फ्रॉड से सम्बन्धित धनराशि को ट्रान्सफर कराकर नगद धनराशि प्राप्त कर लेना तथा बैंक खातों में साइबर फ्रॉड की धनराशि जमा होने के कारण उनके खाते में फ्रीज/लीन मार्क लग जाना, जिसके सम्बन्ध में जानकारी करने पर विपक्षी विनय कटियार व अन्य एक साथी के साथ वादी की दुकान पर आना और गाली गलौच करते हुए धमकी दी कि तुम्हारा केन्द्र अच्छा चलता है हम लोग ऐसे ही पैसे मंगाते रहेगें और तुम्हे नगद देना पड़ेगा और 50 हजार रूपये की रंगदारी मांगते हुए जान से मारने की धमकी देने 15 हजार रूपये लेकर शेष रूपये बाद में बसूलने की धमकी देते हुए चले जाने आदि के सम्बन्ध में दी गयी। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 138/2026 धारा 318(4)/308(2)/351(3)/352 बीएनएस एवं धारा 66डी आईटी एक्ट बनाम 1. विनय कटियार पुत्र अजय कटियार निवासी ग्राम जरौली थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात, 2. 01 अन्य अज्ञात साथी नाम,पता अज्ञात पंजीकृत किया गया है। थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त विनय कटियार पुत्र अजय कटियार निवासी ग्राम जरौली थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात हाल पता EWS 58 पार्ट 1 गंगागंज कालोनी थाना पनकी जनपद कानपुर नगर को जरौली मोड़ से आज दिनांक 30.07.2026 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण–**

1. विनय कटियार उम्र करीब 34 वर्ष पुत्र अजय कटियार निवासी ग्राम जरौली थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात हाल निवास EWS 58 पार्ट 1 गंगागंज कालोनी थाना पनकी जनपद कानपुर नगर।

**पूछताछ अभियुक्त–**पूछताछ करने पर अभियुक्त विनय कटियार ने बताया कि वह साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के संपर्क में था। वह लोगों के बैंक खातों में यूपीआई क्यूआर कोड के माध्यम से धोखाधड़ी की धनराशि मंगवाता था और ग्राहक सेवा केन्द्रों (CSC) से नकद रुपये निकलवाकर उन्हें देता था, जिसके बदले उसे 5% कमीशन मिलता था। दिनांक 23.07.2026 को उसने रसधान कस्बे में स्थित मिथुन राजपूत, अनुराग गुप्ता तथा इकराम खान के ग्राहक सेवा केन्द्रों पर जाकर क्यूआर कोड स्कैन कर साइबर फ्रॉड के माध्यम से क्रमशः 10,000/- रुपये, 10,000/- रुपये व 30,000/- रुपये स्थानांतरित कर नगद प्राप्त किए थे। बाद में बैंक खातों में फ्रीज/लीन मार्क लगने पर संचालकों द्वारा शिकायत करने पर मैनें उन्हें डराया-धमकाया था।

**बरामदगी-**

1. 02 एंड्राइड मोबाइल फोन।

₹ 1600/- नगद।

**गिरफ्तार करने वाली थाना सिकन्दरा** पु लस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुधाकर सिंह,
2. उ0नि0 श्री प्रशान्त कुमार, चौकी प्रभारी रसधान,
3. का0 531 मनीष कुमार,
4. हे0का0 16 रूप सिंह,
5. हे0का0 172 दिनेश प्रताप सिंह।